शासकीय विभागों द्वारा सामग्री... पृष्ठ 2 | जल की आवश्यकता को ध्यान... पृष्ठ 3


# नांदगांव टाइम्स

बुधवार, 22 मई 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 48, अंक 219, पृष्ठ 04, मूल्य 2 रुपए






नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559


# विपक्ष का नक्सलवाद खत्म करने की राह में रोड़ा बनना दुर्भाग्यजनक : मुख्यमंत्री

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंगलवार को एक मीडिया इंटरव्यू में प्रदेश में नक्सलवाद और इसके खात्मे पर बातचीत की। इस दौरान उन्होंने नक्सलवाद का साथ देने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा है। इसके साथ ही उन्होंने प्रदेश को नक्सली राज्य की छवि को बदलने के लिए सरकार के अलावा मीडिया और राजनीतिक दलों के साथ-साथ आम जनता की भी भूमिका को महत्वपूर्ण बताया है।

**छत्तीसगढ़ की पहचान नक्सली राज्य होना दुखद : सीएम साय**

सीएम साय ने कहा, कि छत्तीसगढ़ की पहचान नक्सली राज्य के रूप में होना मन को बेहद टीस देने वाला है। इस छवि को बदलना होगा। इसमें सरकार के अलावा राजनैतिक दल, मीडिया जगत और पूरे समाज यहां तक कि हर आम नागरिक को भी अपनी भूमिका निभानी होगी। हमारी सरकार छत्तीसगढ़ की तस्वीर और तकदीर दोनों बेहतर करने की दिशा में काम कर रही है। च्व्हमने ही बनाया है, हम ही संवारेंगेज्ज् के सूत्र वाक्य को धारण कर मोदी जी की गारंटी पर काम करते हुए हम प्रदेश को च्विकसित छत्तीसगढ़ज् बनाने तैयार हैं।

**खनिज उत्पादन में छत्तीसगढ़ का 21.09 योगदान**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, कि मां कौशल्या की यह पावन धरती रत्नगर्भा है। यह धान का कटोरा कोयला, लौह अयस्क, डोलोमाइट, बॉक्साइट, चूना पत्थर और टिन के भंडार से भरा है। देश के खनिज उत्पादन में छत्तीसगढ़ महतारी का योगदान 21.09 प्रतिशत, लौह अयस्क में 17.61 प्रतिशत, चूना पत्थर में 11.70 प्रतिशत, बॉक्साइट में 3.57त्न जबकि टिन अयस्क में शत-प्रतिशत है। यहां उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण है। 2030 तक हम 300 मिलियन मतलब लगभग 30 करोड़ टन प्रतिवर्ष स्टील उत्पादन का लक्ष्य हासिल कर लेंगे। कुछ वर्षों में हम देश के दूसरे सबसे बड़े स्टील उत्पादक राज्य होंगे।



इसके बावजूद देश-विदेश में छत्तीसगढ़ को केवल नक्सली प्रभावित राज्य के रूप में पहचान मिलना ठीक नहीं है। यह पहचान हमें बदलना है।

**2 साल में नक्सलवाद खत्म करने का लक्ष्य**

सीएम साय ने कहा, कि छत्तीसगढ़ के छोटे हिस्से में सिमटी नक्सल समस्या से हमारी डबल इंजन की सरकार मजबूती से लड़ रही है और हम इस के विरुद्ध लड़ाई में कामयाब होंगे। आने वाले 2 वर्षों में छत्तीसगढ़ को नक्सल समस्या से पूरी तरह मुक्त करना हमारा लक्ष्य है, जो अवश्य पूरा होगा।

**सीएम साय का विपक्ष पर हमला**

सीएम साय ने कहा, कि यह दुर्भाग्यजनक है कि विपक्ष नक्सल उन्मूलन की राह में रोड़ा बनकर खड़ा हो गया है। कई बार वही कहता है जो नक्सली चाहते हैं। मीडिया हेडलाइंस में आने के लिए विपक्ष कुछ भी बोलने को तैयार खड़ा है, चाहे उससे प्रदेश का कितना भी नुकसान क्यों ना हो। यह ठीक नहीं है।

**नियद नेल्लानार योजना**

सीएम साय ने कहा, कि च्नियद नेल्लानारज् जैसी योजना नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास का सुखद एहसास करा रही है। यह योजना बेहद सफल रही है। तेंदूपत्ता का 5500 रुपये मूल्य आदिवासी वनवासियों का जीवन सरल करेगा।

**कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी : सीएम साय**

सीएम साय ने कहा, कि कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी है। खुद स्व. राजीव गांधी यह स्वीकार कर चुके थे कि उनकी सरकार से जनता के लिए भेजे गए एक रुपये में से पचासी पैसा भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता है। भूपेश बघेल की सरकार ने भी यही किया। भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी कांग्रेस सरकार को उनके इन्हीं कर्मों की वजह से जनता ने रसातल में डुबो दिया।

**आचार संहिता के बाद सरकार के कामकाज में आएगी गति**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, कि जनता और कार्यकर्ता की बदौलत ही आज उन्हें इस जगह से जनता के हितों के लिए काम करने का मौका मिला है। उनकी सरकार छत्तीसगढ़ के बेहतर भविष्य के लिए काम कर रही है। मोदी की कुछ गारंटी पूरी हुई है और बाकी भी पूरी करेंगे। फिलहाल आचार संहिता लागू है। यह समाप्त होते ही सरकार का कामकाज गति पकड़ेगा।

**2047 के लिए साय सरकार का लक्ष्य**

सीएम साय ने कहा, कि 2047 के छत्तीसगढ़ के लिए ठोस कार्य योजना पर काम चल रहा है। विकसित भारत में विकसित छत्तीसगढ़ की सबसे अच्छी भागीदारी हो, यही उनकी सरकार का लक्ष्य है।

# मेरी अपनी कोई विरासत नहीं, मेरे लिए तो आप ही विरासत हैं, आप ही मेरे वारिस हैं : पीएम मोदी

**महाराजगंज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराजगंज में मंगलवार को एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए इंडी गठबंधन पर जोरदार निशाना साधा। उन्होंने इंडी गठबंधन के नेताओं की बैठकों को घोटालेबाजों का सम्मेलन बताते हुए कहा कि भ्रष्टाचार का पता मतलब इंडी गठबंधन।पीएम मोदी ने कहा कि जब ये इकट्ठा होते हैं तो इनमें तीन बुराइयां एकदम साफ नजर आती हैं। ये तीन बुराइयां हैं - ये घोर कम्युनल, घोर जातिवादी और घोर परिवारवादी हैं। महाराजगंज में भाजपा प्रत्याशी जनार्दन सिंह सिग्रीवाल के समर्थन में आयोजित चुनावी रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने परिवारवाद को लेकर भी विरोधियों को घेरा। उन्होंने कहा, 卐गरीब से गरीब मां-बाप भी चाहते हैं कि जाने के बाद बच्चों को कुछ देकर जाएं। मोदी एक ऐसा इंसान है, जिसकी अपनी कोई विरासत नहीं है। मेरे लिए तो आप ही मेरी विरासत हैं, आप ही मेरे वारिस हैं। मेरा कोई और वारिस नहीं है, इसलिए मुझे आपका और आपके बच्चों का उज्जवल भविष्य बनाने के लिए अपने आप को खपा देना है। लोगों की भारी भीड़ देखकर उत्साहित प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आपके उत्साह को देखकर यह भरोसा देता हूं कि



आपके लिए दिन-रात मेहनत करूंगा। पहले से भी ज्यादा मेहनत करूंगा। मुझे आपके लिए, आपके भविष्य के लिए, आपके बच्चों के भविष्य के लिए, विकसित बिहार बनाना है, विकसित भारत बनाना है। आपके उज्जवल भविष्य के लिए केंद्र में फिर एक बार मजबूत सरकार चाहिए। जैसे-जैसे 4 जून पास आ रहा है, मोदी के लिए इंडी वालों की गालियां, बद्दुआएं बढ़ती जा रही हैं। इनसे बर्दाश्त नहीं हो रहा कि मोदी को देश की जनता अगले पांच साल के लिए फिर से चुनने जा रही है। उन्होंने राजद का नाम लिए बिना कहा कि जिन्होंने बिहार को गुंडाराज दिया, गरीबी दी, बिहार के लोगों को मारा-तड़पाया, जिन्हें अदालत ने घोटाले का दोषी साबित किया है, इन लोगों की आंखों में मोदी चौबीसों घंटे खटकता है। लेकिन, इनकी लाख कोशिशों के बाद भी मैं आपकी सेवा में डटा रहूंगा। प्रधानमंत्री मोदी ने इंडी गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि इनके लिए बेटे-बेटी के सिवा कुछ करना ही नहीं है। ये वो लोग हैं, जिनकी सरकारों में देश सांप्रदायिकता की आग में जला, ये वो लोग हैं, जिन्होंने सालों तक जातिवाद में देश को बांटकर पिछड़ों को लूटा है। ये लोग खजाना लूट सकते हैं, लेकिन, देश को आगे नहीं ले जा सकते। उन्होंने पंजाब के एक नेता की चर्चा करते हुए कहा कि ये पंजाब में कांग्रेस के एक नेता हैं, दिल्ली में कांग्रेस परिवार के खासमखास हैं और ये कहते हैं कि बिहार के लोगों को पंजाब में बहिष्कार करना चाहिए। पहले तो इन लोगों ने यहां से उद्योग, व्यापार का पलायन कराया और अब ये लोग बिहार के परिश्रमी साथियों का अपमान करने में जुटे हैं।

# 4 जून के बाद पीएम नहीं रहेंगे मोदी, हेमंत सोरेन और मैं जेल के बाहर होंगे - केजरीवाल

**जमशेदपुर।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को जमशेदपुर में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी समीर मोहंती के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि 4 जून के बाद नरेंद्र मोदी इस देश के प्रधानमंत्री नहीं रहेंगे। इस तारीख के बाद केंद्र में %इंडिया% गठबंधन की सरकार बनेगी और इसके बाद अरविंद केजरीवाल एवं हेमंत सोरेन दोनों जेल के बाहर होंगे। केजरीवाल ने कहा कि हेमंत सोरेन ने न कोई जुर्म किया और न ही किसी अदालत ने उन्हें दोषी कहा। इसके बावजूद प्रधानमंत्री मोदी ने साजिश करके उन्हें जेल भेज दिया। उन्हें लगा था कि हेमंत सोरेन और मुझे जेल भेज देंगे तो हमारी पार्टियां टूट जाएंगी और हमारी सरकारें गिर जाएंगी, लेकिन, उलटे हमारी पार्टियों के नेता-कार्यकर्ता एकजुट हो गए। केजरीवाल ने हेमंत सोरेन को देश में आदिवासियों का सबसे बड़ा नेता बताते हुए कहा कि उन्हें जेल भेजा जाना पूरे आदिवासी समुदाय



का अपमान है। उन्होंने आदिवासियों को चुनौती दी है, जिसका बदला आपको वोट से लेना है। मोदी जी ने पूरी कोशिश की कि मैं जेल से बाहर न निकल सकूं, लेकिन, मेरे ऊपर बजरंग बली का आशीर्वाद है। दिल्ली के सीएम ने आरोप लगाया कि राम मंदिर के उद्घाटन में देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सिर्फ इसलिए नहीं बुलाया गया, क्योंकि वे आदिवासी हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं में इतना अहंकार है कि वे नारा लगाते हैं, जो राम को लाए हैं, हम उन्हें लाएंगे।% क्या उन्हें ये नहीं पता कि हम सभी भगवान राम की वजह से दुनिया में आए हैं। हमें ईवीएम पर बटन दबाकर उनके अहंकार को चूर करना है। उन्होंने कहा कि मोदी जी 400 सीटें इसलिए मांग रहे हैं कि उन्हें एससी, एसटी, ओबीसी का रिजर्वेशन खत्म करना है। वे संविधान को खत्म करना चाहते हैं, लेकिन, देश में कई जगहों पर घूमने के बाद मैं दावे के साथ कह रहा हूं कि हर जगह उनके खिलाफ माहौल है।

## महकोनी जैतखाम में तोड़फोड़ के आरोपियों की हो जल्द गिरफ्तारी : विवेक वासनिक

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** बलौदाबाजार के ग्राम महकोनी में स्थित सतनामी समाज के तीर्थ स्थल अमर गुफा में निर्मित जैतखाम को



असमाजिक तत्वों द्वारा काट कर नीचे गिरा देने की घटना को लेकर राजगमी संपदा न्यास के अध्यक्ष विवेक वासनिक द्वारा गहरा रोष प्रकट करते हुए उक्त घटना मे लिप्त असामाजिक तत्वों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से की है। आगे उन्होंने कहा कि, हालांकि घटना के बाद गत दिनांक 15-16 मई 2024 को गिरौदपुरी पुलिस चौकी में अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया है, लेकिन विज्ञप्ति जारी किये जाने तक आरोपियों की गिरफ्तारी अब तक नहीं हो पाई है। आरोपियों ने केवल जैतखंभ को ही नुकसान नहीं पहुंचाया है, बल्कि उसमें लगे लोहे के गेट को भी तोड़ दिया है। श्री वासनिक ने उक्त घटना की कड़ी भर्त्सना करते हुए कहा किए जो आसामजिक तत्व ऐसी शर्मनाक घटना को अंजाम देकर समाज के भीतर विक्षोभ पैदा करने की कोशिश करते हैं और संबंधित समाज के धार्मिक भावना के साथ खिलवाड़ करते हैं, ऐसे आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। इस तरह की घटना निंदनीय है और माफ करने योग्य नहीं है। धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने वाले और धार्मिक भावना को आहत करने वाले इस तरह के कृत्य से संबंधित समाज को कितनी पीड़ा होती है, इसका अनुमान लगा पाना भी कठिन है। जब तक ऐसे आरोपियों पर कड़ी कार्यवाही नहीं होंगी, ऐसे अपराधों की पुनरावृति होने की संभावना बनी रहेगी। पुलिस प्रशासन से निवेदन है कि जांच में तेजी लाये और अपराधियों को जल्द से जल्द सलाखों के पीछे ढकेला जाये, तब कहीं जाकर पीड़ित समाज को इस सदमे से उबर पाने मे मदद मिलेगी और राहत मिल पायेगी।

## अवैध रूप से मदिरापान कराने पर की गई कार्रवाई

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार जिले में अवैध मदिरा विक्रेताओं एवं परिवहन करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। सहायक आयुक्त आबकारी श्री यदुनंदन राठौर ने बताया कि जिले में अवैध शराब विक्रेताओं व अवैध रूप से मदिरापान कराने वालों एवं परिवहनकर्ताओं के विरूद्ध धर-पकड़ अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में ग्राम झिनझारी थाना चिचोला के बाजार चौक अण्डा ठेला में मनोहर विश्वकर्मा द्वारा अवैध रूप से मदिरापान कराते पकड़ा गया और 0.450 मिली विदेशी मदिरा जप्त किया गया। छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 36 (सी) के तहत अण्डा ठेला में अवैध रूप से मदिरापान की सुविधा देना दण्डनीय अपराध है।

# झारखंड में जब भी झामुमो-कांग्रेस की सरकार बनी यह प्रदेश भ्रष्टाचार में डूब गया : राजनाथ सिंह

**बोकारो।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को बोकारो में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस पर जोरदार हमले किए। उन्होंने कहा कि खनिज संपदा के मामले में देश के सबसे संपन्न झारखंड में जब भी झामुमो-कांग्रेस की सरकार बनी, यह भ्रष्टाचार में डूब गया। आज मुख्यमंत्री और मंत्रियों के पीएस एवं करीबियों के घरों से नोटों की गड्डियां निकल रही हैं, जबकि इसी प्रदेश में जब भाजपा के बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा और रघुवर दास मुख्यमंत्री रहे तो उनके दामन पर भ्रष्टाचार का एक भी दाग नहीं लगा।



राजनाथ सिंह ने धनबाद के बीजेपी प्रत्याशी ढुल्लू महतो को विजयी बनाने की अपील करते हुए कहा कि वे संसद पहुंचेंगे तो प्रमुखता से आपकी आवाज संसद के सामने रखेंगे। कांग्रेस पर प्रहार करते हुए भाजपा नेता ने कहा कि जवाहर लाल नेहरू और इंदिरा गांधी से लेकर राजीव गांधी एवं मनमोहन सिंह तक तमाम प्रधानमंत्री गरीबी हटाने का राग अलापते रहे, लेकिन, कोई फर्क नहीं पड़ा। दूसरी तरफ हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी ने पिछले नौ वर्षों में 25 करोड़ भारतीयों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला। मोदी जी का संकल्प और हमारी पार्टी का फैसला है कि हम एक भी व्यक्ति को देश में गरीब नहीं रहने देंगे। रक्षा मंत्री ने चुनौतीपूर्ण अंदाज में कहा कि कोई माई का लाल नहीं है, जो देश से आरक्षण हटा सके। कांग्रेस और विपक्षी पार्टियों के पास कोई मुद्दा नहीं बचा है तो वे आरक्षण को लेकर झूठा प्रचार कर रही हैं। ये वही कांग्रेस है, जिसने संविधान की प्रस्तावना तक में छेड़छाड़ की। आज वही कांग्रेस धर्म के आधार पर देश के अल्पसंख्यकों को आरक्षण देने की कोशिश कर रही है, जबकि, संविधान इसकी इजाजत नहीं दे सकता। राजनाथ सिंह ने कहा कि ये झामुमो-कांग्रेस वाले भ्रष्टाचार करने के बाद भी हमारी सरकार के ऊपर आरोप लगा रहे हैं। मैं स्पष्ट कर दूं कि पीएम मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में अगर हमारा कोई व्यक्ति भ्रष्टाचार के मामले में पकड़ा जाएगा, तो उसका स्थान उसका घर नहीं जेल होगा। मैं भी उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री रह चुका हूं। कांग्रेस के शासनकाल में सीबीआई-ईडी ने मात्र 32 लाख रुपए जब्त किए थे।

## शराब घोटाले में मनीष सिसोदिया को फिर बड़ा झटका, कोर्ट ने 31 मई तक बढ़ाई न्यायिक हिरासत

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट आज सिसोदिया की जमानत याचिका पर फैसला सुनाने वाला है उससे पहले ही उन्हें बड़ा झटका लगा है। शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली की राउस एवेन्यू कोर्ट ने सिसोयदिया की न्यायिक हिरासत 31 मई तक बढ़ा दी है। उनके साथ-साथ एक अन्य आरोपी की भी न्यायिक हिरासत 31 मई तक बढ़ा दी गई है। कोर्ट इस मामले में अगली सुनवाई 31 मई को करेगा। मनीष सियोदिया की हिरासत की अवधि आज खत्म होने पर उन्हें कोर्ट में पेश किया गया था जहां कोर्ट ने उनकी न्यायिक हिरासत को और 21 दिनों के लिए बढ़ा दिया। बता दें कि शराब घोटाले में सिसोदिया को सबसे पहले सीबीआई ने गिरफ्तार किया था। ये गिरफ्तारी पिछले साल यानी 26 फरवरी 2023 को हुई थी। इसके अगले ही महीने यानी 9 मार्च को इससे जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले ईडी ने सिसोदिया को गिरफ्तार कर लिया। जांच एजेंसी ने सीबीआई की प्राथमिकी के आधार पर सिसोदिया को गिरफ्तार किया था। सिसोदिया ने 28 फरवरी को दिल्ली कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया था। जमानत के लिए सिसोदिया ने दिल्ली हाई कोर्ट से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक अर्जी लगाई, लेकिन उनकी याचिका लगातार खारिज होती गई। 26 फरवरी को गिरफ्तारी के बाद उन्हें दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने उन्हें पांच दिन की सीबीआई हिरासत में भेज दिया। इसके बाद चार मार्ट को कोर्ट ने दो दिन और उनकी हिरासत बढ़ा दी। सात मार्च को ईडी ने सिसोदिया से करीब छह घंटे तक पूछताछ की।

# हुड्डा को रोहतक का नहीं, सिर्फ अपने बेटे का विकास चाहिए : जेपी नड्डा

**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के घर रोहतक में 'शक्ति प्रदर्शन' किया। इस मौके पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने रोहतक लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अरविंद शर्मा के समर्थन में भव्य रोड शो निकाला और भाजपा के पक्ष में वोट देने की अपील की। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर भी तीखे हमले किए। नड्डा ने कहा कि भीषण गर्मी के बीच रोड शो में उमड़े जनसैलाब ने बता दिया कि देश में तीसरी बार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि जनसमर्थन बता रहा 'एक बार फिर मोदी सरकार'। उन्होंने कहा कि इस बार 400 पार और देश में एक मजबूत सरकार। जेपी नड्डा ने कांग्रेस नेता पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर निशाना साधते हुए कहा कि हुड्डा को प्रदेश और रोहतक का नहीं, बल्कि सिर्फ अपने बेटे का विकास चाहिए।

इससे पहले भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रोहतक के पावर हाउस से अंबेडकर चौक तक करीब दो किलोमीटर लंबा रोड शो निकाला। इस दौरान उनके साथ रथ पर भाजपा उम्मीदवार अरविंद शर्मा, भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़, राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा, पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, अरविंद यादव और रणबीर ढाका मौजूद रहे। रोहतक में भीषण गर्मी के बीच रोड शो के दौरान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का जगह-जगह फूल मालाओं और फूल बरसाकर स्वागत किया गया। रोड शो मॉडल टाउन, कोऑपरेटिव बैंक,



अशोका चौक, सुभाष चौक, सोनीपत स्टैंड होते हुए डॉ. अंबेडकर चौक पर संपन्न हुआ। यहां नड्डा ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। रोहतक में भीषण गर्मी के बीच भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के रोड शो में भारी भीड़ उमड़ी और लोगों ने भाजपा प्रत्याशी अरविंद शर्मा के समर्थन में वोट देने का संकल्प लिया। जिले में 47 डिग्री तापमान के बीच भाजपा कार्यकर्ता और लोग सड़क पर लंबी-लंबी कतारों में खड़े देखे गए। रोड में महिलाओं ने भी बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस दौरान महिलाएं और बच्चे भाजपा के झंडे लिए दिखाई दिए। सभी ने नड्डा का भव्य स्वागत किया और रोहतक लोकसभा सीट से उम्मीदवार डॉ अरविंद शर्मा को भारी मतों से जिताने का वादा किया। रोहतक में आयोजित रोड शो के दौरान भारत माता की जय, जय श्रीराम, अबकि बार 400 पार और तीसरी बार फिर मोदी सरकार के नारे भी लगते रहे। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने लोगों से आह्वान किया कि वे आने वाली 25 मई को रोहतक लोकसभा सीट से उम्मीदवार डॉ. अरविंद शर्मा को बड़े मार्जन से जीत दिलाकर दिल्ली भेजें, वे आपकी आवाज उठाएंगे। आदरणीय नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत लगातार तेज गति से विकास कर रहा है। दुनिया में भारत का नाम बढ़ा है। इसलिए आप इस बार मोदी जी को 400 पार सीटें देकर मजबूत बनाएं, एक मजबूत सरकार ही मजबूत फैसले लेने में सक्षम होती है। भारत माता की जय, जय श्रीराम के नारों के साथ रोड शो का समापन हुआ।

nandgaon times may-22-02.qxd 5/22/2024 12:01 AM Page 2



# शासकीय विभागों द्वारा सामग्री खरीदी एवं सेवा प्राप्ति पर प्रदायकर्ताओं तथा ठेकेदारों को किये जाने वाले भुगतान पर स्रोत पर कर की जीएसटी-टीडीएस कटौती के प्रावधानों का कड़ाई से पालन करने के संबंध में कार्यशाला आयोजित

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शासकीय विभागों द्वारा सेवा प्राप्ति एवं सामग्री खरीदी पर विक्रेताओं एवं निर्माण कंपनी, ठेकेदारों तथा सेवा प्रदाताओं को किये जाने वाले भुगतानों पर जीएसटी के स्त्रोत पर टीडीएस कटौती करने के संबंध वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से कार्यशाला आयोजित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से कलेक्टोरेट सभाकक्ष से जुड़े रहे।

कार्यशाला में बताया गया कि केन्द्रीय माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 एवं छत्तीसगढ माल और सेवा कर अधिनियम 2017 की धारा 51 के प्रावधानों के अनुसार शासकीय विभागों द्वारा की जाने वाले सामग्री खरीदी एवं सेवा प्राप्ति पर प्रदायकर्ताओं को ठेकेदारों को किये जाने वाले भुगतान पर स्रोत पर कर की जीएसटी-टीडीएस कटौती के संबंध प्रावधान है। शासकीय विभाग या स्थापना, स्थानीय प्राधिकारी, शासकीय अभिकरण, शासन के किसी भी डीडीओ द्वारा 2.5 लाख रूपए से अधिक भुगतान होने पर 2 प्रतिशत (1 प्रतिशत सीजीएसटी + 1 प्रतिशत एसजीएसटी अथवा 2 प्रशित आईजीएसटी) की दर से स्रोत पर कटौती जीएसटी-टीडीएस किया जाना है। अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार सभी शासकीय विभागों तथा स्थानीय प्राधिकारियों को जीएसटी के अंतर्गत स्रोत पर टीडीएस कटौतीकर्ता के रूप में रजिस्ट्रेशन लिया जाना है। विभागों द्वारा खरीदी की जाने वाली सामग्री, मशीन-उपकरण, फर्नीचर, स्टेशनरी अथवा अन्य कोई भी वस्तुए, निर्माण कार्यों एवं ठेकों तथा लिये जाने वाली किसी भी प्रकार की सेवाओं की राशि पर जीएसटी-




टीडीएस करने के बाद माह की 10 तारीख तक रिटर्न जीएसटीआर-07 में प्रस्तुत किया जाना है। यह देखने में आया है कि कई विभागों एवं कार्यालयों द्वारा जीएसटी-टीडीएस कटौतीकर्ता के रूप में प्रावधानों के अंतर्गत जीएसटी पंजीयन नहीं लिया गया है तथा पंजीयन लेने वाले प्राधिकारियों द्वारा सही प्रकार से जीएसटी की स्रोत पर कटौती संबंधी प्रावधानों का पालन नहीं किया जा रहा है। इससे राज्य शासन का जीएसटी से प्राप्त होने वाले राजस्व की क्षति हो रही है। इसके संबंध में यह निर्देशित किया जाता है कि समस्त भुगतानकर्ता प्राधिकारियों, आहरण एवं संवितरण अधिकारियों द्वारा केंद्रीय एवं छत्तीसगढ माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 के अंतर्गत स्रोत पर कटौती के प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी वस्तु अथवा सेवा प्रदायकर्ता द्वारा एक वित्तीय वर्ष के दौरान एक ही क्रय/सेवा आदेश के विरूद्ध पृथक-पृथक देयकों में राशि का विभाजन करते हुए जीएसटी की स्रोत पर कटौती हेतु निर्धारित 2 लाख 50 हजार रूपए की सीमा का उल्लंघन न हो। इसके साथ ही सभी कोषालयों, उपकोषालयों, निर्माण विभागों, वन विभाग के भुगतान प्राधिकारियों का निर्देशित किया जाता है। आहरण एवं संवितरण अधिकारियों द्वारा वस्तु एवं सेवा प्रदाय के भुगतान संबंधी प्रस्तुत देयकों में प्रदायकर्ताओं की जीएसटीआईएन को चिन्हांकित करने की व्यवस्था की जाए तथा देयकों के भुगतान के पूर्व यह भी सुनिश्चित किया जाए कि प्रदायकर्ता द्वारा दिया गया जीएसटीआईएन वर्तमान में सक्रिय वैध हो। इस अवसर पर वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डे, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, संयुक्त कलेक्टर श्री खेमलाल वर्मा, जिला कोषालय अधिकारी श्री दिलीप सिंह एवं जिले के सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं जिला कोषालय के सहायक कोषालय अधिकारी श्री कृतलाल साहू, श्री महेश चौरीवार एवं श्री सुशांत बेलेकर जुड़े रहे।

## कलेक्टर ने आतंकवादी विरोधी दिवस की अधिकारी-कर्मचारियों को दिलाई शपथ

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय श्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने



कलेक्टोरेट कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों को आज आतंकवाद विरोधी दिवस की शपथ दिलाई। शपथ में यह संकल्प लिया गया कि हम भारतवासी अपने देश की अहिंसा एवं सहनशीलता की परंपरा में दृढ़ विश्वास रखते हैं और हम निष्ठापूर्वक सभी प्रकार के आतंकवाद और हिंसा का डटकर विरोध करेंगे। हम मानव जाति के सभी वर्गों के बीच शांति, सामाजिक सद्भाव तथा सूझबूझ कायम करने और मानव जीवन मूल्यों को खतरा पहुंचाने वाली एवं विघटनकारी शक्तियों से लडने् की शपथ लेते हैं। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, संयुक्त कलेक्टर श्री खेमलाल वर्मा एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## प्रतिभावान बेटी ने ग्राम ठेलकाडीह हायर सेकेंडरी स्कूल से प्रवीण सूची में प्रथम स्थान प्राप्त की

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव जिले से पृथक होकर नवीन जिला



खैरागढ़ छुईखदान गंडई से निषाद (केवट) समाज की होनहार एवं प्रतिभावान बेटी ने उक्त नवीन जिले में ग्राम ठेलकाडीह हायर सेकेंडरी स्कूल से प्रवीण सूची में प्रथम स्थान प्राप्त की है। समाज की ऐसे होनहार एवं प्रतिभावान बेटी राजनांदगांव जिले के अंतर्गत ग्राम महरूम खुर्द की निवासी है, को जिला स्तर के पदाधिकारीयों को एवं खैरागढ़ परिक्षेत्र तथा बनबघेरा परिक्षेत्र के सामाजिक पदाधिकारीयों को तथा समाज प्रमुखों को एवं निषाद समाज के खैरागढ़ एवं राजनांदगांव तहसील के अंतर्गत आने वाले समस्त शिक्षकों को तथा समस्त शासकीय सेवकों को सामूहिक रूप से बेटी के घर जाकर साल एवं श्रीफल तथा गुलदस्ता बुके आदि के माध्यम से स्वागत सम्मान किया जाना चाहिए तथा साथ में पत्रकार एवं मीडिया क्षेत्र के कुछ लोगों को भी ले जाना चाहिए।

# राष्ट्रीय प्रतियोगिता में गायत्री विद्यापीठ के छात्रों ने अपना परचम लहराया

## गायत्री विद्यापीठ के विद्यार्थियों की जूनियर एडिटर सेशन-7 में शानदार प्रस्तुति

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जूनियर एडिटर-7 की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में गायत्री विद्यापीठ के 99 विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिसमें से 4 विद्यार्थियों को स्कूल स्तर पर प्रमाण-पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। यह प्रतियोगिता चार समूहों में आयोजित की गई थी। कक्षा 4थीं से 6वीं समूह-ए में अंश अग्रवाल (कक्षा 6वीं), कक्षा 7वीं से 8वीं समूह-बी में रोशनी ठाकुर (कक्षा 8वीं), कक्षा 9वीं से 10वीं समूह-सी में अमन श्रीवास्तव (कक्षा 9वीं), कक्षा 11वीं से 12वीं समूह-डी में दीपाली गोलछा (कक्षा 11वीं) को रायपुर से पधारे श्री सीपी शर्मा (दैनिक भास्कर, मुख्य मैनेजर) तथा जितेन्द्र सिंग (दैनिक भास्कर, राजनांदगांव) ने पुरस्कृत किया। जूनियर एडिटर-7 प्रतियोगिता में अपना स्थान बनाकर बच्चों ने शिक्षकों के साथ-साथ अपने पालकों व स्कूल का नाम रोशन किया। इस अवसर पर शाला की उपप्राचार्य श्रीमती रश्मि ठाकुर को भी प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य श्रीमती शैलजा नायर ने




सभी बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर विद्यार्थियों को अपनी अंदर छिपी हुई प्रतिभा को निखारना चाहिए। समाचार पत्र निर्माण प्रतियोगिता बच्चों के लिए एक अनूठी गतिविधि है। जूनियर एडिटर यह एक ऐसा नेशनल प्लेटफार्म है जहां से बच्चों को एक नई पहचान मिलती है तथा उनमें निहित क्रिएटिविटी बुलंदियों के आसमान को छूती है। प्रतियोगिता के आयोजन में शाला की शिक्षिका श्रीमती धनश्री अवथनकर, श्रीमती वाणी मुदिराज ने अपनी सहभागिता निभाई। जिनके मार्गदर्शन में यह प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस अवसर पर गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष श्री बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष श्रीमती संध्यादेवी सिंघल, श्री राजेश जैन, सचिव श्री गगन लड्ढा, सहसचिव निकुंज सिंघल, कोषाध्यक्ष सूर्यकान्त चितलांग्या, संरक्षक श्री नंदकिशोर सुरजन, श्रीमती सुषमा सुरजन, सांस्कृतिक प्रभारी श्री हरीश गांधी, श्रीमती रूपाली गांधी, एकेडमिक प्रभारी श्री अमित उत्तलवार, प्रशासक अनिल बाजपेयी, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्रगण उपस्थित थे। उक्त जानकारी शाला की व्याख्याता श्रीमती उर्मिला मिश्रा ने दी।

# ब्लू बर्ड संस्था द्वारा माहवारी स्वच्छता दिवस पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** ब्लॉक के ग्राम डुमरडीहखुर्द में किया गया । इस स्वास्थ शिविर का उद्देश्य महिलाओं में माहवारी स्वच्छता के प्रति जागरूकता एवं उनके स्वास्थ्य की प्राथमिक जांच थी जिसमें लगभग 50 से 55 महिलाओं, किशोरियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया । शिविर में स्वास्थ्य जांच के लिए मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव कि सहभागिता के साथ प्राथमिक जांच प्रकिया संपन्न की गयी। मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव द्वारा एमबीबीएस स्त्री रोग विशेषज्ञ की उपस्थिति में यह शिविर संपन्न की गई। ब्लू बर्ड



संस्था की डायरेक्टर सुधा वर्मा ने शिविर के बारे मे जानकारी देते हुए बताया कि 28 मई को विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस है चूँकि ब्लू बर्ड संस्था माहवारी स्वच्छता एवं महिलाओं के स्वास्थ्य के क्षेत्र मे विगत 4 बर्षों से कार्यरत है इसी कड़ी मे यह स्वास्थ्य शिविर महिलाओं के बीच गर्भाश्य से जुड़ी भयंकर बीमारियों से बचाव के लिए इस तरह के स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हर वर्ष करती है । इस कड़ी में 28 मई को एक और शिविर किया जाना है । आज संस्था की नन्ही फुलवारी सदस्य सुमन यादव, चंचल , टिकेश्वरी, किरण वर्मा, लोकेश, अमीषा चंदेल, प्रीति वर्मा, कंचन वर्मा उपस्थित रहे और मेडिकल कॉलेज स्त्री रोग विशेषज्ञ मीना जी का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

## सुबह मार्निंग वॉक पर निकला था बुजुर्ग अज्ञात वाहन ने कुचला मौके पर मौत

**खैरागढ़.** मंगलवार को तड़के सुबह लगभग 4 बजे खैरागढ़ के सोनेसरार में हुये सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। जानकारी के



मुताबिक प्रतिदिन की तरह प्रातः सैर के लिए घर से निकले 55 वर्षीय व्यक्ति को सोनेसरार के नजदीक चोपड़ा पेट्रोल पंप के पास अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी जिससे पकलू जोशी की मौके पर ही मौत हो गई। खैरागढ़ जिला निर्माण के बाद एक ओर जहां ट्रैफिक का दबाव बढ़ा है वहीं वाहन चालकों की लापरवाही भी लगातार देखने को मिल रही है एक के बाद एक सड़क दुर्घटना खैरागढ़ छुईखदान गंडई जिले में सामने आने लगे हैं। हाल ही में बाजार अतरिया में दो छात्रों को ट्रक चालक ने बुरी तरह रौंद दिया था तो अब सोनेसरार में ये घटना सामने आई है ऐसी घटनाओं को रोकने नवगठित यातायात शाखा को मुस्तैद होना होगा तभी ऐसी दुर्घटनाओं पर लगाम लग पाएगा।

# आधुनिक भारत के निर्माता राजीव गांधी की शहादत दिवस कुमर्दा में मनायी गयी

**जोंधरा (नांदगांव टाइम्स)।** राजीव जी हमेशा हमेशा याद किये जाते रहेंगे जब तक ये देश है देश में आज जो डिजिटल इंडिया दिख रहा है उसकी परिकल्पना पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने ही की थी । आज जो कम्प्यूटर दिखाई दे रहा है ये सोच भी सर्वप्रथम उन्ही की थी। क्योकि वह मानते थे कि देश को अगर आगे ले जाना है तो देश को आधुनिक तकनीक की जरूरत है। राजीव गांधी जब प्रधानमंत्री बने तो वह युवा थे और देश के लोकतंत्र में युवाओं की ज्यादा से ज्यादा भागीदारी चाहते थे। इसलिए उन्होने मतदान की उम्र 21 से घटाकर 18 की थी । उक्ताशय के विचार कुमर्दा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अब्दुल खान ने कुमर्दा में आयोजित राजीव गांधी की शहादत दिवस के अवसर पर व्यक्त किये । वही समारोह में उपस्थित जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 18 की सदस्य क्रांति बंजारे



ने कहा कि राजीव गांधी की सोच लोकतंत्र को हमेशा मजबूत करने की रही है । वे चाहते थे कि दिल्ली से जो पैसा नीचे तक भेजा रहा है वह पैसा नीचे वालो को पूरा-पूरा मिले। पंचायती राज्य की स्थापना राजीव गांधी की इस दिशा में बहुत बड़ा योगदान रहा है। जिसमें उनकी सोच रही है कि ग्राम की क्या समस्या है या स्वयं ग्रामीण तय करे। और ग्राम प्रधान को अवगत कराये। ग्राम प्रधान के माध्यम से उन समस्याओं को पूरा किया जायेगा। उन्होने कहा कि आज देश के महान व्यक्ति की यादे हमारी जेहन में हमेशा याद रहेगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कांग्रेसी कार्यकर्ता लालचंद साहू, देव पन्द्रो, पन्ना साहू, विशाल बघेल, गिरीश सोनवानी, कामता साहू, अगनू राम, शरद चंद्राकर, गणेश पटेल, पूरन साहू, जगदीश बघेल, फक्रीर साहू, भूपेन्द्र गढ़ियारे, शिव प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

---

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, जिला राजनांदगाँव (छ.ग.)**

ईश्तहार

रा.प्र. क्रं. 20202092100042 अ/2 वर्ष 2023-24

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गुरमीत सिंह भाटिया वल्द जसबीर सिंह भाटिया जाति सिक्ख निवासी बुधवारी पारा, वार्ड नंबर 13. डोंगरगढ़ तहसील लालबहादुर जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है जिसमें लेख किया गया है कि आवेदक के नाम से ग्राम कुम्हड़ाटोला, प.ह.नं. 12, रा.नि.मं. लालबहादुर नगर तहसील डोंगरगढ जिला राजनांदगांव में भूमि खसरा नंबर 388/1 रकबा 0.651 हे. लगान 1.60 पैसा भूमि स्थित है। आवेदक उपरोक्त खसरा नंबर 388/1 रकबा 0.651 हे. लगानी भूमि को राईस मील प्रयोजन हेतु परिवर्तित करवाना चाहता है। आवेदक द्वारा ग्राम कुम्हड़ाटोला, प.ह.नं. 12 रा.नि.मं. लाल बहादुर नगर तहसील लाल बहादुर नगर जिला राजनांदगांव में भूमि खसरा नंबर 388/1 रकबा 0.651 हे. भूमि को राईस मील प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने बाबत् छ.ग. भू.रा. संहिता की धारा 172 के तहत् निवेदन किया गया है।

अतएव उक्त भूमि के व्यपवर्तन किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनाँक 24/05/2024 तक स्वंय उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेष कर सकते है, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेंगा। आज दिनाँक 22/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

सील — **अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़**

---

## आतंकवाद एवं हिंसा के विरोध में विद्युतकर्मियों ने ली शपथ

**दुर्ग (नांदगांव टाइम्स)।** प्रतिवर्ष दिनांक 21 मई को मनाये जाने वाले च्आतंकवाद विरोधी दिवसज्ज् पर छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, दुर्ग क्षेत्र के रायपुर नाका स्थित क्षेत्रीय मुख्यालय में विद्युत विभाग के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने आतंक एवं हिंसा का डटकर विरोध करने की शपथ ली। दुर्ग क्षेत्र के सभी कार्यालयों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा अहिंसा एवं सहनशीलता की परंपरा में दृढ़ विश्वास रखते हुए आतंकवाद एवं हिंसा का विरोध करने तथा मानव जाति के सभी वर्गों के बीच शांति, सद्भाव कायम करते हुए विघटनकारी शक्तियों से लड़ने की शपथ ली गई। क्षेत्रीय मुख्यालय में अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री एच.के.मेश्राम, अधीक्षण अभियंता श्री ए.के.लखेरा, वरिश्ठ कल्याण अधिकारी श्री डी.के.डुम्भरे, कार्यपालन अभियंता श्री सतीश वर्मा, श्री प्रशांत कुमार सोनी एवं श्रीमती अनुसुईया ठाकुर, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी श्री संतोष कुमार साहू, लेखाधिकारी श्री एस.एस.कम्बलवार एवं श्री जयंत हरदास सहित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वाराच्आतंकवाद विरोधी दिवसज्ज् पर शपथ ली गई।

# कलेक्टर ने की महत्वपूर्ण योजनाओं, सेवाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा

## स्वच्छता के प्रति जागरूक करने स्कूल और कॉलेज में चलाएं जागरूकता अभियान

**मोहला (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर श्री एस जयवर्धन ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में सभी विभागों के जिलाधिकारीयों की समय सीमा की बैठक ली। कलेक्टर ने बैठक में शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं, सेवाओं और कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की। उन्होंने बैठक में अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने विभागों में संचालित महत्वपूर्ण योजनाओं का क्रियान्वयन करते हुए हितग्राहियों कों लाभान्वित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि हितग्राहियों कों योजनाओं, सेवाओं और कार्यक्रमों का लाभ अनिवार्य रूप से मिले, इसके लिए सभी अधिकारी अपने स्तर पर स्व मूल्यांकन और समीक्षा करते हुए विशेष कार्य योजना निर्धारित करें। कलेक्टर ने समय सीमा की बैठक में विभागों में लंबित प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समय अवधि में करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बैठक में शिक्षा विभाग को स्कूल और महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने और अपने जीवन में अनिवार्य रूप से शामिल करने के लिए जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। स्वछता जागरूकता कार्यशाला के माध्यम से स्वच्छता के प्रति सहज समझ पैदा करने कहा गया है। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए स्वच्छ और सुरक्षित प्रसव को बढ़ावा देने के लिए संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमला के कर्मचारियों को गर्भवती महिलाओं की सतत निगरानी और स्वास्थ्य परीक्षण करने, सभी अनिवार्य टीकाकरण करने, स्वास्थ्य व सुरक्षित प्रसव कराने के लिए कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए हैं। जिले में कुष्ठ उन्मूलन, टीवी उन्मूलन के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। ऐसी बीमारियों के मरीजों का चिन्हांकन करने और समुचित उपचार करने कहा गया है। कलेक्टर ने बैठक में खाद्य विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि आगामी मानसून सत्र के दौरान सभी राशन दुकानों में पर्याप्त मात्रा में खाद्य भंडारण करें। समय पर सभी हितग्राहियों को खाद्य पदार्थ मिले और किसी प्रकार की परेशानी ना हो इसका विशेष ध्यान रखना कहा गया है। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने सभी विभागों के अधिकारियों को अंतर विभागीय समन्वय करने और अपने स्तर पर प्रभावी समीक्षा करते हुए योजना का क्रियान्वयन करने निर्देशित किया गया है। बैठक में अपर कलेक्टर श्री विजेन्द्र सिंह पाटले, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती प्रेमलता चंदेल, एसडीएम मोहला श्री हेमेन्द्र भुआर्य, एसडीएम मानपुर श्री अमित नाथ योगी, परियोजना निदेशक श्री हेमंत ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर श्री अविनाश ठाकुर सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

**सभी राशन दुकानों में पर्याप्त मात्रा में करें खाद्य भंडारण**

---

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ के न्यायालय मे मामला क्रमांक: 202404092200033**

विषयः- ब-121
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः-2023-2024
खलारी प.ह.न. 00031 [(हे0)]
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार -ईशर पटेल, अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक ईशर पटेल आ. स्व. महेत्तर पटेल जाति मरार उम्र 36 वर्ष सा. खलारी तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के पिता महेत्तर पटेल आ. किशुन पटेल का मृत्यु दिनांक 10.11.1993 को स्थान ग्राम खलारी में हुआ है के नाम पर मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 22.05.2024 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

सील — **तहसीलदार डोंगरगढ़**

---

**तहसीलदार राजनांदगांव के न्यायालय जिला राजनांदगांव छ.ग.**

**-:: ईश्तहार ::-**

रा0मा0 कं../
बी-121 वर्ष 202

एतद् द्वारा सर्वसाधन आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक शांती बाई ध.प. स्व. संतोष निवासी शहर/ ग्राम लखोली राहुल नगर प.ह.नंत्तहसील व जिला राजनांदगांव द्वारा अपने पुत्री शिवानी आ0 स्व. संतोष जन्म प्रमाण पत्र की मांग की गई है। उपरोक्त आवेदन पत्र इस न्यायालय में जन्म / मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कियें जाने हेतु प्रकरण विचाराधीन है। इस संबंध में जियी किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे सुनवाई तिथि 31.05.2024 तक लिखित में स्वंय / अथवा अपने अभिभाषक के माध्याम से पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा / आपत्ति पर वितार नही किया जावेगा ।

यह ईश्तहार दिनांक 21.05.2024 को मेरे स्वंय के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**जारी दिनांक 21.05.2024**
**सुनवाई दिनांक 31.05.2024**

सील — **कार्यपालिक दडाधिकारी राजनांदगांव छ.ग.**

nandgaon times may-22-02.qxd 5/22/2024 12:01 AM Page 3



## ज्ञान मंथन

*1) हाल ही में स्पेसटेक सेक्टर के लिए भारत का पहला बीमा किसने लॉन्च किया है?*

*2) किस देश में पहली बार सुअर की किडनी जीवित व्यक्ति में प्रत्यारोपित की गई है?*

*3) राजस्थान में रियासत काल में सेना के अग्रभाग को क्या कहा जाता था?*

*4) विश्व दूरसंचार और सूचना समाज दिवस कब मनाया जाता है?*

*5) हाल ही में चर्चा में रही नवयुग सुरंग कहाँ स्थित है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) टाटा एआईजी (2) अमेरिका (3) हरावल (4) 17 मई (5) जम्मू- कश्मीर

# जल की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए जल जागरूकता आवश्यक - कलेक्टर

## जल संरक्षण के लिए जिले में किए जा रहे बेहतरीन कार्य, पहाड़ों में जल संरक्षण के लिए बनाए गए परकोलेशन टैंक

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि जल संरक्षण के लिए जिले में बेहतरीन कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिले में जल का संरक्षण करना जरूरी एवं प्रासंगिक है। आने वाले समय में जल की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए जल जागरूकता आवश्यक है। जिले में राजनांदगांव, डोंगरगांव तथा डोंगरगढ़ क्षेत्र में भू-जल के स्तर में कमी आयी है। 70 से 90 प्रतिशत पानी का दोहन कर लिया गया है। जिले में 42 हजार मोटर पंप तथा ट्यूबवेल चल रहे हैं। विशेषकर धान की फसल में अधिक पानी की आवश्यकता होती है। इसी गति से भू-जल स्तर में कमी आने पर भविष्य में दिक्कत हो सकती है। ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा मोटर पंप तथा ट्यूबवेल चलाने से लो-वोल्टेज की समस्या भी बढ़ी है। उन्होंने कहा कि जिले में ऐसी फसलों को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है, जिनमें कम पानी की जरूरत होती है। इस बात पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है कि सिंचाई के लिए सरफेस वाटर का उपयोग करना है। ग्रॉस ग्राउंड वाटर का उपयोग नहीं



होना चाहिए। उन्होंने ऐसे गांवों को सूचीबद्ध करने के निर्देश दिए जहां जल के स्तर में ज्यादा कमी आयी है। उन्होंने कहा कि गर्मी के दिनों में मोटर पंप तथा ट्यूबवेल से सिंचाई नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जल के संरक्षण के महत्व को ध्यान में रखते हुए पहाड़ों में वाटर रिचार्ज करने के लिए परकोलेशन टैंक बनाए गए हैं, जिसके भविष्य में अच्छे परिणाम मिलेंगे। उन्होंने सभी विभागों को इस कार्य में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया। जल संरक्षण के लिए बनाए गई संरचना से मिट्टी का कटाव भी रूकेगा। पौधरोपण करने के साथ ही जल संरक्षण के उपायों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने डीएमएफअंतर्गत प्रस्ताव के संबंध में चर्चा की। उन्होंने कहा कि ऐसा प्रस्ताव बनाए जिससे जनसामान्य लाभान्वित हो और इसका परिणाम दिखना चाहिए। सभी अधिकारी प्रतिबद्धतापूर्वक इसके लिए कार्य करें। उन्होंने कहा कि कृषि अंतर्गत मक्का की फसल को बढ़ावा दें। उन्होंने कहा कि कोई भी अधिकारी बिना अनुमति के मुख्यालय से बाहर नहीं जाएंगे। ऐसा होने पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि ऐसे कर्मचारियों की सूची बनाएं, जो अनाधिकृत रूप से कार्यालय में लंबे समय से अनुपस्थित हैं। कर्तव्यविमुख ऐसे कर्मचारियों की सूची प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने हाईकोर्ट के प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी तहसीलों में राजस्व शिविर लगाकर प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने समर कैम्प के संबंध में जानकारी ली। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री खेमलाल वर्मा, एसडीएम राजनांदगांव श्री अरूण विश्वकर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## वेतन आहरण में बड़ा फर्जीवाड़ा, शिक्षा विभाग में फिर हुआ वेतन घोटाला?

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पुन: वेतन घोटाले की लिखित शिकायत ने विभाग में हड़कंप मचा दिया है। छत्तीसगढ़ पैरेंट्स एसोसियेशन के प्रदेश क्रिष्टोफर पॉल ने जिम्मेदार अधिकारियों को लिखित शिकायत कर बताया है कि, राजनांदगांव जिला से खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिला अलग हुआ तो स्कूल शिक्षा विभाग ने इस जिले के लिए पदों का सृजन कर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय जिला



राजनांदगांव से कुछ पद समाप्त कर पद एवं कर्मचारियों को खैरागढ़-छुईखदान-गंडई भेजने का आदेश दिया गया, लेकिन कुछ बाबू अपने अधिकारी को बड़ा रकम देकर यहीं जम गए। श्री पॉल ने आरोप लगाया है कि, पद समाप्त होने के बावजूद कम्प्युटर ऑपरेटर के मद से अभिषेक श्रीवास्तव और महेश ठाकुर जो पद विहीन है, वेतन ले रहे है, इतना ही नहीं इन दोनों बाबूओं को नियम विपरीत मिलाईदार कक्ष में बैठाकर, इनसे लाखों की वसूली कराया जा रहा है, जिसके लिए डीईओ पूर्णत: दोषी है, और डीईओं को निलंबित करने की मांग की गई है।

## तेंदूपत्ता संग्रहको के साथ धोखा कर रही है साय सरकार - सुरेश सिन्हा

**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहां है कि भूपेश सरकार में छत्तीसगढ़ माहौल शांतिपूर्वक माहौल था लेकिन जैसी छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी कर्मचारी ,व्यापारी, आम जनता, किसान आत्महत्या कर रहे तथा सड़क दुर्घटना दीनो दिन बढ़ रहे है साय सरकार पर आपोप लगाते हुए कहा है कि घोषणा पत्र जारी किये थे उनमें तेन्दुपत् तोड़ने वाले श्रमिकों को पत्ता लगातार



15 ,20 दिनों तक पत्ता लेने की बात कही गई थी लेकिन 5 ,6 दिन लेकर बंद करने की बात कह रही है अगर वादा के मुताबिक तेंदूपत्ता नहीं खरीदते तो श्रमिकों के साथ आंदोलन किया जाएगा तथा जिन बातों को लेकर के भाजपा के लोग आंदोलन करते थे उसि दारू दुकान और चकना दुकान को खुद चला रहे हैं तथा बिजली की समस्या बद से बत्तर हो गई है पांच महीने में ही आम जनता को भूपेश सरकार की याद आने लगी और लोगों में चर्चा बना हुआ है कि वही सरकार अच्छा चल रहा था ।

## डीएमसी ने किया समर कैम्प का अवलोकन, दिए आवश्यक निर्देश



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर संजय अग्रवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरुचि सिंह एवं जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल के मार्गदर्शन में जिले के सभी शासकीय प्राथमिक-माध्यमिक-हाई/हायर सेकेंडरी, पीएम श्री एवं सेजस विद्यालयों में 20 मई से 31 मई तक समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर का समय प्रात: 7 बजे से 9.30 तक निर्धारित है। जिले के समस्त संकुल प्राचार्य, बीईओ, बबीआरसी एवं सीएसी की देख-रेख में विभिन्न मनोरंजन पर आधारित ग्रीष्म कालीन शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इसी परिपेक्ष्य में आज प्रथम दिवस पीएम श्री शाला अमलीडीह, बोधीटोला, डुन्डेरा एवं कोपेडीह में संचालित ग्रीष्म कालीन शिविर का अवलोकन डीएमसी सतीश ब्यौहरे ने किया। अवलोकन के दौरान योग, प्राणायाम, शतरंज, पेंटिंग, लोक एवं शास्त्रीय नृत्य, खेल एवं विभिन्न संचालित गतिविधियों में शामिल होकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। समर कैंप में विद्यार्थियों को योगा, संगीत, चित्रकला व खेल की बारीकियां विधा विशेषज्ञों द्वारा सिखाई जा रही

## ग्राम मथानी मे नि: शुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन



**कवर्धा ( नांदगांव टाइम्स )।** कबीरधाम जिले के कवर्धा विकासखंड अंतर्गत ग्राम मथानी मे स्वास्थ्य विभाग द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर मे 60 मरीजों की जांच कर दवाई का वितरण किया गया। शिविर का ग्रामीणों ने खूब सराहना की। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनोद चंद्रवंशी ने बताया कि शिविर मे 60 ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच किया गया। जिसमे 1 खुजली, 2 आंख, 2 ब्लड प्रेशर, 6 सुगर, 1 माइग्रेन, 2 फंगल इन्फेक्शन, 1 बुखार, 3 सर्दी सहित अन्य लक्षण के मरीज पाए गए। सभी मरीजो को नि:शुल्क दवाई वितरण किया गया। नि:शुल्क स्वास्थ शिविर मे आर एम ए श्री धर्मराम मनहर, सीएचओ कुमारी भारती झरिया, कुमारी भावना कोसरे, आर एच ओ श्री उत्तम पोर्ते का विशेष योगदान रहा। उन्होंने कहा कि बीमारियों से बचने के लिए सभी को सावधानी रखने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया की गर्मी का मौसम चल रहा है, जिसमें लू एवं अन्य मोसमी बीमारी हो रही है।

## कलेक्टर ने अधिकारी कर्मचारियों को दिलाई आतंकवाद विरोधी दिवस की शपथ

**मोहला ( नांदगांव टाइम्स )।** पूर्व प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर आज जिला कार्यालय मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी में कलेक्टर श्री एस जयवर्धन ने अधिकारी-कर्मचारियों को आतंकवाद विरोधी दिवस की शपथ दिलाई। शपथ लिया गया कि हम भारतवासी अपने देश की अहिंसा एवं सहनशीलता की परंपरा में दृढ़ विश्वास रखते हैं तथा निष्ठा पूर्वक शपथ लेते हैं कि हम सभी प्रकार के आतंकवाद और हिंसा का डटकर विरोध करेंगे। हम मानव जाति के सभी वर्गों के बीच शांति, सामाजिक सद्भाव तथा सूझबूझ कायम करने और मानव जीवन मूल्यों को खतरा पहुंचाने वाली और विघटनकारी शक्तियों से लड़ने की भी शपथ लेते हैं।



## निधन

***मोतीलाल दुफारे***

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** विभिन्न संघ/ संगठन से जुड़े और छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक/ समग्र शिक्षक फेडरेशन जिला ईकाई राजनांदगांव के प्रवक्ता अमिताभ दुफारे जी के पिता आयुष्मान मोती लाल दुफारे जी का देहांत हो गया है आज दिनाक 21 मई 2024 दोपहर 4:15 को और कल दिनाक 22 मई 2024 उनका पुराना निवास स्थान जो कि बुधवारी पारा डोंगरगढ़ में है वहां से उनकी अंतिम यात्रा सुबह 10:00 बजे छीरपानी मुक्ति धाम लेकर जाएंगे । ईश्वर मृतात्मा को अपने चरणों में स्थान दे और शोकाकुल परिवार को इस दु:ख को सहने की शक्ति प्रदान करें। विनम्र श्रद्धांजलि। शत् शत् नमन है।



# प्राकृतिक आपदा से बचाव एवं राहत व्यवस्था करने के संबंध में कलेक्टर ने लिए बैठक

**मोहला ( नांदगांव टाइम्स )।** कलेक्टर श्री एस जयवर्धन ने जिला कार्यालय के सभा कक्ष में आगामी मानसून सत्र के दौरान प्राकृतिक आपदा एवं बचाव के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार आगामी मानसून 2024 को देखते हुए बाढ़, अतिवृष्ट आदि से बचने हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने सरकूलर जारी किया गया है। कलेक्टर ने मानसून सत्र के दौरान सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। जारी सरकुलर के अनुसार आपदा प्रबंधन हेतु तैयार एक्शन प्लान पर पुन: विस्तृत चर्चा करने और सभी तथ्यों को यथा समय दुरस्त कर लेंने कहा गया है। समस्त वर्षा मापक केन्द्रों पर स्थापित वर्षामापक यंत्रों का उचित संधारण एवं जानकारी संकलित करने हेतु अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश जारी करने कहा गया है। जिन तहसीलों में वर्षामाफी यंत्र नहीं लगाए गए हैं, वहां वर्षामापी यंत्र तत्काल स्थापित करने की कार्रवाई करने, जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित करने दूरभाष नंबर राहत आयुक्त कार्यालय को उपलब्ध कराने कहा गया है। उक्त कंट्रोल रूम 1 जून 2024 से 24 घंटा कार्य करेगा तथा कंट्रोल रूम की जानकारी आम नागरिकों को भी उपलब्ध कारयया जायेगा एवं इनका प्रचार स्थानीय समाचार पत्रों, आकाशवाणी व दूरदर्शन में भी कराया जायेगा। पहुंचविहिन क्षेत्रों में जहां बाढ़ की स्थिति में पहुंचना संभव नहीं होता है,वहां पर्याप्त मात्रा में खाद्य सामग्री, नमक, केरोसिन, जीवन रक्षक दवाईयां आदि नियमानुसार संग्रहित करने और उपलब्ध कराया जायेगा। पेयजल की शुद्धता एवं स्वच्छता को दृष्टिगत रखते हुए कुआं, हैंडपंप आदि के लिए ब्लीचिंग पाउडर आदि की व्यवस्था सुनिश्चित किया जायेगा। जहां प्रतिवर्ष बाढ़ आती है, इन क्षेत्रों में सतत निगरानी व विशेष व्यवस्था किया जायेगा। ऐसे क्षेत्र के लोगों को आवश्यकता पडने् पर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने व उनका ठहरने के लिए कैंप आदि की संपूर्ण योजना तैयार किया जायेगा। बाढ़ से बचाव संबंधित जो उपकरण जिले में उपलब्ध हो उनकी दुरस्ती कराकर तुरंत उपयोग हेतु तैयार रखा जायेगा। शहरों के भीतर बाढ़ वाले क्षेत्रों में पोर्टेबल डायविंग पंपों की स्थापना किया जायेगा। असुरक्षित पेड़ों की छटाई करना और सूचना पटल, होर्डिंग हटाना/सुरक्षित करना सुनिश्चित किया जाए। नदी के जल स्तर पर बराबर नजर रखा जायेगा, जल स्तर के खतरे के निशान पर पहुंचने की संभावना होने पर उनकी पूर्व सूचना राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम तथा निचले जिलों को लगातार देने की व्यवस्था किया जायेगा। तत्काल सुरक्षा उपाय किया जायेगा। जलाशयों से जल छोड़ने पर विशेष ध्यान रखा जाएगा। जलाशयों में नियमित रूप से निकासी के प्रयास किये जायेगा ताकि बाढ़ की स्थिति को और बिगड़ने से रोका जा सके तथा बांधों का जल स्तर बढ़ने पर जल निकासी हेतु निचले जिलों एवं सीमावर्ती राज्यों को 12 घंटे पूर्व सूचना दी जायेगा। बाढ़ से बचाव, बचाव और राहत गतिविधियों या किसी अन्य स्वयंसेवक में शामिल प्रथम उत्तरदाताओं और कर्मचारियों को पर्याप्त व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराया जायेगा। राहत शिविरों में नियमित चिकित्सा जांच की व्यवस्था किया जायेगा। जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके की विशेष बुखार उल्टी दस्त मलेरिया आदि लक्षण वाले लोगों को अलग-अलग किया जा सके। बाढ़ से हुई छति की जानकारी नियमित रूप से राहत आयुक्त कार्यालय के कार्यालय के दूरभाष क्रमांक (0771) 2223471, फैक्स 2223472 पर निर्धारित परिशिष्ट-1 में प्रतिदिन दिया जायेगा। राहत कार्यो हेतु राहत मैन्युअल का पालन सुनिश्चित किया जावे।

## धर्म समाचार....

# 23 मई को वैशाख मास की पूर्णिमा : कूर्म अवतार, बुद्ध जयंती और वैशाख मास के स्नान का अंतिम दिन, जानिए बुद्ध पूर्णिमा से जुड़ी खास बातें



गुरुवार, 23 मई को वैशाख मास की अंतिम तिथि यानी पूर्णिमा है। धर्म के नजरिए से ये बहुत खास तिथि है, क्योंकि इस तिथि पर कूर्म अवतार का प्रकट उत्सव और भगवान बुद्ध की जयंती मनाई जाती है। इसी दिन वैशाख मास के स्नान भी खत्म होंगे। उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पं. मनीष शर्मा के मुताबिक वैशाख मास में गंगा, यमुना, नर्मदा, शिप्रा, गोदावरी जैसी पवित्र नदियों में स्नान करने की परंपरा है। कई भक्त पूरे वैशाख महीने में रोज नदी स्नान करते हैं। वैशाख मास के स्नान की अंतिम तिथि 23 मई को है। वैशाख पूर्णिमा पर जो लोग नदी स्नान नहीं कर पा रहे हैं, उन्हें पानी में गंगाजल मिलाकर स्नान करना चाहिए। पौराणिक कथा के मुताबिक, महर्षि दुर्वासा ने देवराज इंद्र को उनके घमंड की वजह से शाप दिया था। शाप की वजह से देवताओं का ऐश्वर्य खत्म हो गया। इसके बाद मदद के लिए इंद्र भगवान विष्णु के पास पहुंचे। विष्णु जी ने कहा कि देवताओं का ऐश्वर्य वापस लाने के लिए हमें समुद्र मंथन करना होगा। भगवान विष्णु ने इंद्र से कहा था कि समुद्र मंथन के लिए असुरों की भी मदद लेनी होगी। इस समुद्र मंथन से कई दिव्य रत्न निकलेंगे और अमृत भी निकलेगा, जिसे पीने वाला अमर हो जाता है। देवराज इंद्र ने मंथन के लिए असुरों को भी तैयार कर लिया। मंथन के लिए मंदराचल पर्वत को मथनी बनाया गया और नागराज वासुकि को नेती बनाया गया। जब मंदराचल को समुद्र में डालकर मंथन करना शुरू किया, तो आधार नहीं होने के पर्वत समुद्र में डुबने लगा। उस समय भगवान विष्णु ने बहुत बड़े कूर्म यानी कछुए का अवतार लिया और अपनी पीठ पर मंदराचल पर्वत को धारण कर लिया। इसके बाद समुद्र मंथन हो सका। माना जाता है कि जिस दिन विष्णु जी कूर्म अवतार लिया था, उस दिन वैशाख मास की पूर्णिमा ही थी। बौद्ध धर्म से संस्थापक भगवान बुद्ध का जन्म वैशाख पूर्णिमा पर ही हुआ था। गौतम बुद्ध का जन्म 563 ईसा पूर्व नेपाल के लुम्बिनी में हुआ था। इनका प्रारंभिक नाम सिद्धार्थ था। बाद में इन्हें दिव्य ज्ञान प्राप्त हुआ और फिर वे बुद्ध के नाम से प्रसिद्ध हुए।

## कौन हैं देवर्षि नारद, इन्हें क्यों कहा जाता है सृष्टि का सबसे पहला पत्रकार

ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा को देवर्षि नारद जी का जन्म हुआ था। इसलिए इस दिन को नारद जयंती के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष नारद जयंती का पर्व 24 मई को मनाया जाएगा। महाभारत में नारद जी का विशेष महत्व बताया गया है। शास्त्रों की मानें तो नारद जी को ब्रह्मा जी के सात मानस पुत्रों में से एक माना गया है। धार्मिक मान्यता है कि ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा को देवर्षि नारद जी का जन्म हुआ था। इसलिए इस दिन को नारद जयंती के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष नारद जयंती का पर्व 24 मई को मनाया जाएगा। महाभारत में नारद जी का विशेष महत्व बताया गया है। मान्यता है कि नारद जयंती के दिन देवर्षि नारद जी आराधना करने से जातक को शुभ फल की प्राप्ति होती है और जीवन सदैव सुखमय रहता है। चलिए जानते हैं देवर्षि नारद जी के बारे में विस्तार से। शास्त्रों की मानें तो नारद जी को ब्रह्मा जी के सात मानस पुत्रों में से एक माना गया है। नारद जी हाथ में वीणा लिए हुए हैं। वह जगत के पालनहार भगवान विष्णु के परम भक्त थे। उनको तीनों लोकों में वायु मार्ग के द्वारा आने जाने का वरदान मिला हुआ था। इसलिए वह विष्णु जी की महिमा का बखान तीन लोकों में किया करते थे। इसी कारण उन्हें तीनों लोकों को खबर रहती थी। यही वजह है कि उन्हें सृष्टि का पहला पत्रकार भी माना जाता है। उन्होंने कठिन तपस्या के द्वारा ब्रह्मर्षि पद प्राप्त किया था।



**मिला था ये श्राप**- नारद मुनि को अपने पिता ब्रह्मा जी से भी एक श्राप मिला था। पुराणों के अनुसार, ब्रह्मा जी ने नारद मुनि को सृष्टि के कामों में उनका हाथ बटाने और विवाह करने के लिए कहा था, लेकिन लेकिन उन्होंने अपने पिता ब्रह्मा की आज्ञा का पालन करने से मना कर दिया और विष्णु जी की भक्ति में लीन रहे, जिसकी वजह से ब्रह्मा जी ने उन्हें श्राप दिया कि तुम आजीवन अविवाहित रहोगे। पंचांग के अनुसार, ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि का प्रारंभ 23 मई को शाम 07 बजकर 22 मिनट से होगा और वहीं इसका समापन अगले दिन 24 मई को शाम 07 बजकर 24 मिनट पर होगा। ऐसे में नारद जयंती का पर्व 24 मई को मनाया जाएगा।

nandgaon times may-22-02.qxd 5/22/2024 12:01 AM Page 4



- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971



# जिले के प्रभारी सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह ने अधिकारियों की ली बैठक

## जिले में चल रहे कार्यों की समीक्षा की, विभिन्न निर्माण कार्यों के संबंध में दिए आवश्यक दिशा-निर्देश, एजुकेशन हब के रूप में की गई अच्छी पहल

**जिले में जल संरक्षण अंतर्गत पहाड़ में बनाए जा रहे परकोलेशन टैंक एवं जलीय संरचना की प्रशंसा की**

---

**जिले की जलवायु संतरा एवं मौसंबी फसल के अनुकूल**

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिले के प्रभारी सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सभी अधिकारियों की बैठक ली तथा जिले में चल रहे कार्यों के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग उपस्थित रहे। प्रभारी सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह ने विभिन्न निर्माण कार्यों के संबंध में जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में कनेक्टीविटी के लिए दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में मिट्टी के रोड बनाएं। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की आपूर्ति तथा सिंचाई के रकबे के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने शैक्षणिक सत्र को ध्यान में रखते हुए जिले में कक्षा 9वीं व 10वीं के लिए किताबों का वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नि:शुल्क गणवेश, सायकल वितरण के संबंध में जानकारी ली। प्रभारी सचिव ने कहा कि जिले में एजुकेशन हब के रूप में अच्छी पहल की जा रही है। इसके लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करें। उन्होंने जिले में जल संरक्षण अंतर्गत पहाड़ों में बनाए जा रहे परकोलेशन टैंक एवं जलीय



संरचना की प्रशंसा की। उन्होंने जिले में खाद एवं बीज की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली तथा मक्का एवं गेहूं की खेती पर ध्यान केन्द्रित करते हुए कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में कम पानी की आवश्यकता वाले फसलों को प्रोत्साहित करें। जिले की जलवायु संतरा एवं मौसंबी फसल के अनुकूल है, अच्छी वेरायटी के फसल लगाने के लिए किसानों को प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने की जरूरत है। मिर्च एवं मसाले की फसल से भी किसानों के आय में बढ़ोत्तरी हो सकती है। जिले में स्थानीय स्तर पर आवश्यकता के अनुरूप प्रशिक्षण देने की जरूरत है, ताकि युवाओं को रोजगार मिल सके। प्रभारी सचिव ने मेडिकल कालेज पेण्ड्री में फैकेल्टी एवं अन्य सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली।कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने जिले में चल रहे कार्यों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पहाड़ों में जल संरक्षण के लिए परकोलेशन टैंक के माध्यम से जल संरक्षण किया जा रहा है। जल के स्तर को बढ़ाने के लिए विभिन्न जलीय संरचना का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले में इसके लिए व्यापक पैमाने पर कार्य किया जा रहा है। धान के बदले अन्य फसलों को प्रोत्साहित करने के लिए किसानों को प्रेरित कर रहे हैं। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में एजुकेशन हब के अंतर्गत चारों विकासखंड के 100 बच्चों को चिन्हांकन किया जा रहा है, जो कक्षा 9वीं, 10वीं,11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थी होंगे। उन्हें यहां आवासीय सुविधा दी जाएगी तथा कोचिंग एवं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बच्चों को कोचिंग प्रदान की जाएगी। कलेक्टर ने बताया कि इस वर्ष जिले के बच्चों का 10वीं एवं 12वीं के बोर्ड में परीक्षा का परिणाम अच्छा रहा है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, एसडीएम राजनांदगांव श्री अरूण विश्वकर्मा सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# राजीव गाँधी की 33 वीं पुण्यतिथि मनाई

## विधायिका हर्षिता स्वामी बघेल का जन्मदिन शालीनता से मनाया गया



**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** राजीव गाँधी की 33 वीं पुण्यतिथि डोंगरगढ़ के चारों ब्लॉक ढारा, घुमका, मुढिपार सहित डोंगरगढ़ के कांग्रेसियों द्वारा मनाई गई। इस पावन अवसर पर विधायिका हर्षिता स्वामी बघेल का जन्मदिन कांग्रेसियों ने बड़ी सादगी व शालीनता से विधायक निवास में केक काटकर मनाया गया। राजीव गाँधी की पुण्यतिथि के मौके पर तैल चित्र पर विधिवत पूजा अर्चना कर भारत व कांग्रेस पार्टी के लिए उनके योगदान को याद करते श्रधासुमन पुष्प अर्पित किए। विधायिका श्रीमती बघेल प्रात: 4.30 बजे ऊपर मंदीर पहुँच पहाड़ी वाली बम्बलेश्वरी माता की विशेष अभिषेक पूजा करते हुए क्षेत्र की खुशहाली के लिए मंगल कामना करते आशीर्वाद माँगा। श्रीमति बघेल द्वारा बछेराभांठा वृद्धाश्रम में कपड़े, फल व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को फल वितरण कर हालचाल जानते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेसी नेता नवाज खान, नपाध्यक्ष सुदेश मेश्राम, पूर्व नपाध्यक्ष धीरज मेश्राम, शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजयराज सिंहसिंह, कांग्रेसी नेत्री संध्या देशपांडे, रामजी तराने, प्रकाश महानदी,ङ्कद्वह्यस्रशद्व भाटिया, शिशुपाल भारती, बब्बू भाटिया, निक्कु भाटिया, रूपचंद खोब्रागढे, भारत भूषण मेश्राम, संजय यादव, राजकुमार साहू, अकिल कुरैशी, रेखा खोब्रागढे, हरीश भंडारी, रजत देशपांडे,खेमिन ठाकुर, ममता शिंदे, युवराज सेन, अश्वनी फुले, निशा निर्मलकर, रितु निर्मलकर, संजीव गुप्ता, दिनेश साखरे, गजेंद्र साहू, अशोक खोब्रागढे सहित कांग्रेसीजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## डाक्टर दंपत्ति की बिटिया शुभाश्री के 97 फीसदी

**राजनांदगांव।** नीरज पब्लिक स्कूल



(पेण्ड्री) की छात्रा कु. शुभाश्री नंदा ने सीबीएसई 10वीं बोर्ड में 96.80 फीसदी अंक अर्जित कर स्कूल एवं परिवार का नाम रौशन किया। स्कूल में शुभाश्री ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया हैं। महावीर कॉलेज ऑफ आयुर्वेदिक साइंस (राजनांदगांव) के डीन डॉ. एस. के. नंदा एवं महावीर कॉलेज की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. श्रद्धांजलि नंदा की सुपुत्री शुभाश्री ने अपनी इस सफलता का श्रेय माता-पिता के अलावा गुरूजनों को दिया। प्रारंभ से मेधावी शुभाश्री भी अपने माता-पिता के पदचिन्हों पर चलकर डाक्टर बनना चाहती है और उन्होंने तैयारी भी शुरू कर दी है।

# रानी मंदिर में भगवान श्रीनरसिंह अवतार पर पूजा

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** बैशाख शुक्ल चतुर्दशी 21 मई 2024 मंगलवार को रानी मंदिर छुईखदान में भगवान श्री हरि विष्णु जी के चतुर्थ व शक्ति , पराक्रम रौद्र अवतार भगवान श्री नरसिंह जी की गोधुलि बेला में प्रकटोत्सव पर आरती पूजा हुआ। रानी मंदिर समिति संरक्षक लतारानी लाल जे .के . वैष्णव ने जानकारी दी कि दिन और रात के मध्य समय संध्याकाल में भक्त प्रहलाद के भगवान श्री हरि पर अटूट ,अगाध , श्रद्धा एवं विश्वास से प्रसन्न होकर भक्तों की रक्षा करने भगवान श्री नरसिंह जी खम्भे से प्रकट अवतार लेकर हिरण्यकश्यप का वध कर भक्त प्रहलाद की रक्षा किये । अद्भुत वरदान प्राप्त होने के कारण भगवान को भक्त की रक्षा हेतु अद्भुत नर एवं सिंह , शक्ति तथा शौर्य के प्रतीक रुप में अवतार लेना पड़ा । भक्त जन श्री नरसिंह जय , जय नरसिंह का जाप एवं स्तुति किये । संकटनाशन मंत्र ऊं उग्रं वीरं महाविष्णुं ज्वलन्तं सर्वतोमुखम्। नृसिंहं भीषणं भद्रं मृत्युमृत्युं नमाम्यहम् का पाठ करने से बड़े समस्याओं से मुक्ति मिलती है । इस अवसर पर अनिल पुजारी रानी मंदिर ,पं अरविन्द शर्मा , दिनेश मुकेश महोबिया, प्रहलाद महोबिया, काजल तम्बोली , गुड्डी तम्बोली,भारती यादव , गायत्री महोबिया , दुर्गा यादव , मानिक श्रीवास , चांदनी यादव, पायल भूमि ,वेद यादव, पीहू यादव, कार्तिक साहु बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे।



## भीखम सैनिक कल्याण बोर्ड के सदस्य बने

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** राज्य सैनिक कल्याण बोर्ड शास्त्री चौक के पास मोती बाग रोड रायपुर छत्तीसगढ़ के द्वारा जिला सैनिक कल्याण बोर्ड रेलवे स्टेशन चौक पुराना विश्राम गृह रोड राजनांदगांव छत्तीसगढ़ में नए सत्र हेतु निम्न नई पदस्थापना नियुक्ति की गई है। जिस नियुक्ति के तहत जिले के राजनांदगांव ,डोंगरगांव निवासी , बीजीवीएस के राष्ट्रीय प्रेसिडेंट कैंसर रिलीफ सोसायटी के फाउंडर समाज सेवी संस्थाओं से जुड़े ,भीखम गांधी को जिला सैनिक कल्याण बोर्ड राजनांदगांव में सदस्य मनोनित किया गया है श्री गांधी पूर्व सांसद प्रदीप गांधी के छोटे भाई है।



## जिला कार्यालय के सभा कक्ष में आतंकवाद विरोधी दिवस पर दिलाई शपथ

**खैरागढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** सामान्य प्रशासन विभाग के आदेशानुसार कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा के निर्देशन में आतंकवाद विरोधी



दिवस के अवसर पर अपर कलेक्टर प्रेम कुमार पटेल ने कलक्ट्रेट के सभाकक्ष में आदर्श आचार संहिता और राजकीय शोक का पालन करते हुये जिला कार्यालय एवं विभिन्न विभागों के ज़िला अधिकारियों-कर्मचारियों को आतंकवाद विरोधी शपथ दिलाई। आतंकवाद के कारण आम जनता को हो रहे कष्टों, हिंसा एवं आतंक से राष्ट्रीय हितों पर प्रतिकूल प्रभाव से आम लोगों को अवगत कराने, विशेष रूप से युवाओं को आतंकवाद और हिंसा के मार्ग से दूर रखने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा विगत वर्ष की भांति इस वर्ष 21 मई को पूरे राज्य में आतंकवाद विरोधी दिवस मनाने का निर्णय लिया गया है।

# शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा समर कैंप का लिया गया जायजा

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले के सभी शासकीय प्राथमिक, माध्यमिक हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी श्री अभय जायसवाल के नेतृत्व में स्कूली विद्यार्थी बड़े उत्साह के साथ समर कैम्प में हिस्सा ले रहे हैं। इसी कड़ी में आज जिले के समग्र शिक्षा के जिला मिशन समन्वयक श्री सतीश ब्योहारे के नेतृत्व में टीम द्वारा समर कैंप में किए जा रहे स्कूलों का अवलोकन किया गया। टीम में समग्र शिक्षा के एडीपीओ श्री परस झाड़े, सहायक परियोजना समन्वयक श्री रफीक अंसारी, श्री मनोज मरकाम एवं श्री आदर्श वासनिक शामिल थे। शिक्षा विभाग की टीम द्वारा डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम अमलीडीह में समर कैंप का अवलोकन किया गया। जहां बच्चों ने चित्रकारी की और खेल की गतिविधियों के साथ समर कैंप की शुरूआत हुई। टीम ने डोंगरगांव विकासखंड के बोधीटोला का अवलोकन किया। जहां बच्चों को विशेषज्ञों द्वारा गीत, संगीत सिखाया जा रहा था। डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम डुंडेरा एवं राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम कोपेडीह के शाला का अवलोकन भी जिला मिशन समन्वयक की टीम द्वारा किया गया। जहां पर बच्चों को मनोरंजक गतिविधियां चित्रकारी, योग एवं नृत्य आदि कराया जा रहा था। समय कैम्प के माध्यम से बच्चों में छुपी हुई प्रतिभाओं को निखारने का एक अवसर प्रदान किया जा रहा है। जिसमें बच्चों की बहुमुखी प्रतिभाओं को प्रदर्शित किया जा सके, ऐसा एक प्रयास शिक्षा विभाग द्वारा किया जा रहा है। समय कैम्प आयोजन में स्कूल शिक्षा विभाग के शिक्षकों एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा बच्चों के लिए नाश्ता एवं जलपान की व्यवस्था भी गई। बच्चे सुबह 7 बजे से 9.30 बजे तक बड़े उत्साह के साथ समय कैम्प का आनंद ले रहे हैं और स्कूलों में बढ़ती बच्चों की भीड़ बता रही है कि वह भी अपने स्कूलों में वापस आकर और इस तरीके की मनोरंजक गतिविधियों में शामिल होकर बहुत ही खुशी महसूस कर रहे हैं।



## सेवा पुस्तिका व जीपीएफ पासबुक संधारण हेतु बीईओ मोहला में विशेष शिविर

**मोहला (नांदगांव टाइम्स)।** शिक्षको एवं कर्मचारियों के सेवा रिकॉर्ड को दुरुस्त करने के लिए सेवा पुस्तिका एवं पासबुक संधारण के लिए विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय मोहला में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें शिक्षकों व कर्मचारियों के सेवा पुस्तिका में नॉमिनी का नाम जोड़ने बदलने, परिवार सूची में नाम जोड़ने या हटाने, उच्च शैक्षिक योग्यता को सेवा पुस्तिका में जुड़वाने, सेवा पुस्तिका की द्वितीय प्रति का संधारण एवं जीपीए पासबुक संधारण का कार्य विशेष शिविर में किया जा रहा है। इस शिविर में सेवा रिकार्ड दुरुस्त किये जा रहे है। ग्रीष्म अवकाश में इस प्रकार के शिविर से कार्यालयों के कई पेंडिंग कार्य समय पर पूर्ण हो जाएंगे तथा शिक्षकों को अपनी सेवा पुस्तिका में इंद्राज करने के लिए बार-बार कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। विकासखंड शिक्षा अधिकारी मोहला कि इस पहल की सभी ने सराहना की है तथा शिक्षको ने इस प्रकार के शिविर को कर्मचारी हित में लाभकर बताया है।

# आधुनिक भारत के निर्माण में राजीव गांधी का योगदान अतुलनीय - कांग्रेस

## शहर कांग्रेस ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की 33वीं पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी जी की 33वीं पुण्यतिथि पर 21 मई मंगलवार को आतंकवाद विरोधी दिवस पर संगोष्ठी सभा आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। सभाा का संचालन कर रहे शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षी दीपक बैज के निर्देशानुसार शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के निर्देशन पर मंगलवार को कामठी लाइन स्थित कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस पर कांग्रेसजन द्वारा स्व.गांधी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। उल्लेखनीय है कि स्वर्गीय राजीव गांधी देश के सबसे कम उम्र के प्रधानमंत्री हुए,उन्होंने प्रधानमंत्री रहते हुए उनके कुशल नेतृत्व में राष्ट्र ने प्रत्येक क्षेत्र में चाहे वह आर्थिक ,सामाजिक ,राजनीतिक वैज्ञानिक ,तकनीक या विदेश नीति में नित् नई उपलब्धियां पाई हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री श्रीमती शारदा तिवारी ने स्वर्गीय राजीव गांधी का पुण्य स्मरण करते हुए कहा कि स्व. राजीव गांधी जी भारत माता की सच्चे सपूत थे, उन्होंने अपने अल्प समय में भारत को नई दिशा दी, भारत ने नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। युवाओं को 18 वर्ष का होने पर मताधिकार प्रदान करना हो, चाहे पंचायती राज के माध्यम से सत्ता के विकेंद्रीकरण को व्यापक आधार देते हुए प्रजातंत्र की नींव मजबूत करने का कार्य हो। स्वर्गीय राजीव गांधी भारत में संचार क्रांति के जनक भी कहे जाते हैं आज मोबाइल फोन, इंटरनेट या अन्य संचार के साधन हो इनको भारत में स्थापित करने का श्रेय भी श्री राजीव गांधी को जाता है। इसलिए श्री राजीव गांधी को आधुनिक भारत के निर्माण में उनका योगदान अतुलनीय है। स्वर्गीय राजीव गांधी जी की पुण्यतिथि आतंकवाद विरोधी दिवस पर उपस्थित कांग्रेसजनों को आतंकवाद और हिंसा का विरोध करने तथा सभी वर्गों के बीच शांति-सद्भाव, सामाजिक भाईचारा कायम करने तथा विघटनकारी शक्तियों से लड़ने की शपथ दिलाई गई। संगोष्ठी सभा को दक्षिण ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, अतुल शर्मा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपाध्यक्ष मोहम्मद याहया, नारायण सोनी ,विष्णु सिन्हा, पूर्व पार्षद बंटी यादव ,चेतन सिन्हा सहित कांग्रेसजन उपस्थित रहे। उपस्थित कांग्रेसजन का आभार प्रदर्शन शहर कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष विकास त्रिपाठी ने किया।



प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, प्रबंध सम्पादक- श्रीमती कल्पना पाण्डे । मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com